कार्यालय नगर परिषद पलेरा, जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)

क्रमांक / न.प. / 2026–27 / 767 — दिनांक : 12 / 05 / 2026

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा केन्द्रीकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों/सर्विस प्रदाताओं से नगर पलेरा में विभिन्न स्थानों पर सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने के कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार/सर्विस प्रदाताओं से लमसम दरों के आधार पर नीचे दर्शित तालिका अनुसार ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का नाम	ऑनलाइन टेण्डर नं.	प्राक्कलन राशि	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य की समयावधि
01	नगर पलेरा में विभिन्न स्थानों पर सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने बावत।	**2026_UAD_506863**	3476550	27000/-	5000/-	2 माह

नियम एवं शर्ते

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन निविदा प्रकाशन दिनांक 13/05/2026 से दिनांक 29/05/2026 को सायं 05:30 बजे तक क्रय की जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र दर ऑफर दिनांक 29/05/2026 को सायं 05:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है।
3. निविदा हेतु लिफाफे जिसमें प्रथम प्रकाशन (Envelope-A) निर्धारित धरोहर राशि की ऑनलाइन ट्रांजेक्शन रसीद/NEFT/RTGS/SYSTEM GENERATED CHALLAN प्रति एवं रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं 100 रूपये के स्टाम्प पर निर्धारित प्रारूप में एफीडेविट, जी.एस.टी. नं, पेन नं. एवं निविदा विज्ञप्ति/प्रपत्र में मांगे गये अन्य दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29/05/2026 को सायं 17.30 तक है। फिजिकल बिड की आवश्यकता नहीं है।
4. (Envelope-A) मेन्टेनरी दस्तावेज एवं अन्य नियत दस्तावेज ऑनलाइन ओपन दिनांक 01/06/2026 को 11:00 बजे से।
5. फर्म को CCTV इंस्टालेशन ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस के कार्य का **05 वर्ष का अनुभव** होना चाहिए।
6. फर्म का 1 वर्ष का टर्नओवर बैंक स्टेटमेंट के आधार पर **50 लाख से कम** नहीं होना चाहिए।
7. संस्थाओं में किये गये कार्यो के सभी के वर्क ऑर्डर संलग्न करना अनिवार्य है।
8. जो कैमरा स्थापित किये जायेंगे उनका बैकअप **30 दिनों** का होना चाहिए।
9. पावर कनेक्शन पोल रैक तक पावर केबल अंडर ग्राउंड HDPE पाईप के अंदर से कनेक्ट करना अनिवार्य है।
10. सभी चौराहों की सर्वे ड्राइंग टेंडर में अटैच है उसी के आधार पर इंस्टालेशन करना अनिवार्य है।
11. केमिकल अर्थिंग की मेगा टेस्ट रिपोर्ट इंस्टालेशन के बाद कमिशनिंग पर जमा करना अनिवार्य है।
12. प्रत्येक लोकेशन की क्यूव टेस्ट रिपोर्ट देना अनिवार्य है।
13. प्रत्येक लोकेशन के UPS का बैकअप समय कम से कम **1:30 hr** का होना अनिवार्य है।
14. उक्त कार्य में उपयोग की जाने वाली समस्त सामग्री **BIS मार्का** प्रमाणित होना अनिवार्य है।
15. उपयोग की जाने वाली सामग्री कम से कम 03 वर्ष या उससे अधिक समय से बाजार में प्रचलन में होना अनिवार्य है।
16. समस्त CCTV कैमरे का कन्ट्रोल रूम नगर परिषद पलेरा में स्थापित करना होगा।
17. O&M की अवधि में 01 कर्मचारी नगर परिषद पलेरा में स्थापित किये जाने वाले कन्ट्रोल रूम में उपलब्ध कराने का दायित्व ठेकेदार का होगा। O&M ठेकेदार के कार्य में शामिल होगा जिसका पृथक से भुगतान नहीं किया जावेगा।
18. O&M की अवधि 03 वर्ष रहेगी। O&M की अवधि संतोषजनक ढंग से पूर्ण होने के बाद Performance Security राशि तथा सुरक्षा राशि का नियमानुसार भुगतान किया जावेगा।
19. Defect Liability Period 03 वर्ष का रहेगा।
20. सी.सी.टी.व्ही सप्लाई एवं इन्स्टालेशन कार्य की लमसम दर (एक मुश्त) समस्त करों सहित प्रस्तुत करें।
21. निविदा स्वीकृत होने पर नियत राशि के नॉन जुडीशियल स्टाम्प पर अनुबंध करना होगा। तथा अनुबंध के साथ 05 प्रतिशत राशि की FDR (जो मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम देय) परफोरमेंस सिक्योरिटी के लिये जमा करना होगी।
22. कार्य के देयकों से शासन नियमानुसार निर्धारित कटोत्रा किये जावेगें।
23. निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार निकाय के पास सुरक्षित रहेगा। इसके लिये वह कारण बताने को बाध्य नहीं होगी।

Scanned with OKEN Scanner

24. कार्य के आयटम की सूची मात्रा के साथ ड्राइंग तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें निविदा के साथ संलग्न हैं।

25. उपरोक्त वर्णित कण्डिकाऐं अनुबंध का हिस्सा होगी।

26. उपरोक्त निविदा सूचना विभाग की वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

27. निविदा में किया गया कोई भी संशोधन उक्त वेबसाईट पर किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन नहीं किया जावेगा। अतः संबंधित जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जावे।

28. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कार्यालयीन समय में कार्यालय की लोक निर्माण शाखा में संपर्क किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पलेरा

Signature Not Verified

Digitally signed by Monika Khare
Date: 2026.05.12 18:22:16 IST
Location: Madhya Pradesh-MP

Scanned with OKEN Scanner